नाले की जमीन पर कब्जा, जलभराव से ग्रामीण हो रहे परेशान

पड़ताल

संवाद न्यूज एजेंसी

मिर्जापुर। ब्लॉक सहारनपुर कदीम के गांव खुशहालपुर के मजरे फरकपुर में ग्राम समाज की भूमि से निकलने वाले नाले पर अवैध कब्जा है। इसके चलते गांव के गंदे पानी की निकासी अवरुद्ध हो गई है। यह पानी आबादी और रास्तों में भर रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में फरकपुर निवासी पिंटू कुमार ने अमर उजाला के मेरी आवाज सुनो कॉलम में अपनी समस्या भेजी थी। 10 अप्रैल के अंक में इसे प्रकाशित करने के साथ ही टीम भेजकर पड़ताल कराई गई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से गांव का गंदा पानी इसी नाले के माध्यम से बाहर निकलता था, लेकिन कब्जे के कारण निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। हालात यह हैं कि गलियों में जलभराव बना रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। रास्तों पर गंदा पानी भरा होने से लोगों का निकलना दूभर हो गया है खासकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाया जाए और नाले की निकासी बहाल कराई जाए, ताकि गांव को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

गांव खुशहालपुर के मजरे फरकपुर में कीचड़ से अटा पड़ा खड़ंजा। संवाद

बोले लोग

प्रार्थना पिंटू कुमार ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है। तहसील और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीण पवन का कहना है कि नाले पर कब्जे के कारण घरों के बाहर गंदा पानी जमा हो जाता है, जिससे मच्छर और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

अजीत का कहना है कि बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है रास्तों में भरे गंदे पानी से रोजाना लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

आदेश का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है और कई बार पानी घरों तक पहुंचने लगता है, जिससे नुकसान का डर रहता है।

मेरी आवाज सुनो...

आशीर्वाद कॉलोनी में टूटी सड़क। संवाद

टूटी सड़क बन रही मुसीबत, लोग परेशान

आशीर्वाद कॉलोनी में मुख्य गली की सड़क पांच साल से टूटी हुई है। इसकी वजह से जल निकासी भी ठीक से नहीं हो पाती। न ही सफाईकर्मी इस गली में आते हैं। इसकी वजह से गली में रहने वालों की जिंदगी नरक बनी हुई है। नगर निगम पूरे महानगर में विकास कार्य कराने के दावे करता है, लेकिन इस सड़क को वर्षों से ऐसे ही छोड़ा हुआ है। नगर निगम से अनुरोध है कि इस ओर भी ध्यान दें, जिससे कि लोगों की समस्या दूर हो सके। -गौरव, स्थानीय निवासी

आप भी भेज सकते हैं अपने क्षेत्र की ऐसी किसी समस्या की जानकारी जो लोकहित से जुड़ी हो और जिसकी सुनवाई न हो रही हो। व्हाट्सएप - 9193786726 mrt-dakincharge@mrt.amarujala.com

न्यूज डायरी

तीतरों नगर पंचायत में शपथ ग्रहण करते नामित सभासद। संवाद

सभासदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

तीतरों। शासन द्वारा नगर पंचायत तीतरों में नामित तीनों सभासदों ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। नगर पंचायत अध्यक्ष तैमूर खान ने नामित सभासद मनीष कुमार, अरविंद कुमार बरसी और धर्मवीर सिंह को शपथ दिलाई। उन्होंने भाजपा विधायक कीरत सिंह के सहयोग की सराहना की। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी लोकेंद्र सिंह, भाजपा नेता नितिन चौधरी, तीतरों मंडल अध्यक्ष बीरसेन कश्यप, मास्टर श्यामवीर, रमेश चौधरी, रवि चौधरी, मुख्य लिपिक राजकुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

नामित सभासदों को आज दिलाई जाएगी शपथ

अंबेहटा। शासन द्वारा नामित होकर आए तीन सभासदों को शनिवार को शपथ दिलाई जाएगी। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार भास्कर ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय पर सुबह 11 से चेयरपर्सन रेशमा नाज तीनों नामित सभासदों सतीश पंचाल, उर्मिला व अजय रहेला को शपथ दिलाएंगी। संवाद

डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों का धरना

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनानगरण ग्रुप से जुड़े शिक्षकों ने शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना और प्रदर्शन किया। संगठन की मांग एनपीएस के खातों का अपडेट करना, सेवानिवृत्त शिक्षकों को ड्यूटी जीपीएफ का भुगतान करना और एनपीएस से पुरानी पेंशन योजना में आए शिक्षकों के जीएफ खातों का अपडेट करना था। जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश चौहान ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संगठन लगातार आंदोलन कर रहा है, लेकिन अधिकारी गंभीर नहीं हैं। जब तक मांगें नहीं मानी जाती, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान प्रदेश मंत्री डॉ. युद्धवीर सिंह, संरक्षक नाथीराम काम्बोज, जयदीप त्यागी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला मंत्री राजेंद्र राठौड़, नगर अध्यक्ष संदीप कुमार, कर्मवीर गुप्ता, धर्मपाल यादव व नीरज मिश्रा आदि मौजूद रहे। संवाद

शादियों में कम खर्चा और युवाओं की शिक्षा पर दिया जोर

प्रतिहार महासंघ का गुर्जर संसद एवं चिंतन सम्मेलन आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। प्रतिहार महासंघ द्वारा जनमंच में गुर्जर संसद, चिंतन सम्मेलन हुआ। इसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर समाज के गण्यमान्य लोगों ने युवाओं को शिक्षित होने पर जोर दिया। नशे से दूर, राजनीति में प्रभाव को बढ़ाना मुख्य मुद्दा रहा। सभी ने एक स्वर में शादी ब्याह में हो रहे गैर जरूरी खर्च को कम से कम करने पर जोर दिया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को राजनीतिक स्तर पर मजबूत करना होगा। समाज का प्रतिनिधि चाहे किसी भी पार्टी या दल का हो। उसका सभी को समर्थन कर ताकत बढ़ानी होगी। युवा स्वयं निर्णय लें कि नशे के खिलाफ आंदोलन करेंगे। आजादी की क्रांति में समाज ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आज के नेताओं ने इस योगदान को भुला दिया है। जब भी देश को समाज की जरूरत पड़ी। समाज ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वक्ताओं ने हिंदू-मुस्लिम गुर्जर एकता बल दिया। कहा कि यदि हम दोनों मिल जाएंगे, तो हमें किसी अन्य की जरूरत नहीं होगी।

कहा कि शादियों में खर्च बढ़ता जा रहा है। हर कोई दूसरे से अधिक दिखावा करना चाहता है। यदि हम खर्च कम कर 10 लाख रुपये भी बचा लेते हैं। इससे हम अपने बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार शुरू करा सकते हैं। समाज में बढ़ते मन मुटाव को भी कम करना होगा। ऐसा न हो कि एक दिन शादी हो और अगले दिन तलाक के लिए पंचायत हो रही हो। हर 20 गांव पर 11 लोगों की कमेटी बने, जो आपसी मनमुटाव को खत्म करने का काम करे। जैसी पंचायत हम पुरुषों की करते हैं। वैसी ही पंचायतें महिलाओं की भी करनी होगी। इसके साथ ही राजा विजय सिंह गुर्जर, कोतवाल धन सिंह गुर्जर, वीर विजय सिंह पथिक के बलिदान को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की मांग की गई। कोतवाल धन सिंह गुर्जर को भारत रत्न देने की मांग सभी ने रखी। स्थानीय स्तर पर स्थापित उद्योगों में समाज के युवाओं को रोजगार की व्यवस्था। निशुल्क कोचिंग, पुस्तकालय, गोचर डिग्री कॉलेज की तर्ज पर बालिकाओं के लिए डिग्री कॉलेज, छात्रावास आदि की मांग की गई। प्रतिहार महासंघ के पदाधिकारी प्रवेश गुर्जर ने युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

ये रहे मौजूद : कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, पूर्व कैबिनेट मंत्री और एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह, सांसद इकरा हसन, विधायक मुकेश चौधरी, अतुल प्रधान, चेयरमैन राजपाल सिंह, नवल कांत पाटिल, सपा राष्ट्रीय चौधरी रुद्रसेन, नेपाल कसाना, ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप कुमार, रविंद्र भाटी, पूर्व विधायक मनोज चौधरी, अर्जुन सिंह, महीपाल माजरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शामली मनीष चौहान व रोहताश चौधरी आदि मौजूद रहे।

देवबंद में बड़गांव मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटका पहनाकर अभिनंदन करते राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह। फोटो : कार्यालय

जनमंच में आयोजित गुर्जर संसद चिंतन सम्मेलन में पहुंचे गुर्जर समाज के लोग। संवाद

देवबंद में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए बीडीओ को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। फोटो : भाकियू

भाकियू ने किसानों की समस्याओं पर किया विचार-विमर्श

संवाद न्यूज एजेंसी

देवबंद। खंड विकास कार्यालय सभागार में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।

यूनियन के तहसील अध्यक्ष चौधरी पहल सिंह ने कहा कि बेमौसम बारिश से गेहूं व सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन अभी तक पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। लावारिस पशु फसलों नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रशासन इन लावारिस पशुओं को पकड़ने की कोई व्यवस्था नहीं कर रहा है। बैठक के बाद भाकियू नेताओं ने बीडीओ अमित नारंग को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें बेमौसम बारिश से बर्बाद फसलों का सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने, बिजली और तहसील कर्मचारियों द्वारा किसानों का किया जा रहा शोषण बंद कराने की मांग की गई। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष चौधरी ललित कुमार, नागल ब्लाक अध्यक्ष गगन चौधरी, रुचिन कुमार व ईश्वर चंद आदि मौजूद रहे।

समस्याओं के समाधान के लिए बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

बार एसोसिएशन चुनाव में समर्थन जुटाने में लगे दावेदार

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर मनिहारान। तहसील बार एसोसिएशन के 13 अप्रैल को होने वाले चुनाव में दो दिन शेष बचे हैं। अध्यक्ष और महासचिव पदों के दावेदारों ने अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए ताकत लगा दी है।

बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। इस पद के लिए दो पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार गुर्जर और यशपाल सिंह चुनावी समर में हैं, जबकि महासचिव पद पर मुरारी लाल, आलोक सहगल के बीच मुकाबला होगा। जैसे जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, दावेदारों ने अपने समर्थन में अधिवक्ताओं को एकजुट करना शुरू कर दिया है। बता दें कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अखलेश कुमार सैनी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकल, कोषाध्यक्ष शारिक अंसारी, सह सचिव सचिन चौहान, शुभम जैन, अमित कुमार, वरिष्ठ सदस्य मंजू देवी, संजय मित्तल, कनिष्ठ सदस्य संजीव कुमार व वरिष्ठ सदस्य पद पर अर्जुन सिंह का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

रामपुर मनिहारान बार चुनाव में संपर्क अभियान चलाते अधिवक्ता। संवाद

भाजपा की छुटमलपुर मंडल कार्यकारिणी घोषित

छुटमलपुर। भाजपा के छुटमलपुर मंडल अध्यक्ष अमित सेन ने अपनी 15 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। मंडल अध्यक्ष के चुनाव के करीब सवा साल के अंतराल के बाद इसकी घोषणा की गई है। इसमें विशाल बंसल और दिनेश शर्मा को महामंत्री और नीरज जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। छुटमलपुर की तीन बार ग्राम प्रधान रही मंजू शर्मा सहित अंकुर सैनी, विनोद गोयल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबूराम राठौर, राहुल कश्यप, बबीता कांबोज को उपाध्यक्ष बनाया गया है। देवेंद्र कुमार मोनी, संदीप सैनी, सुदेश देवी, अर्जुन सिंह, अविनाश मित्तल और इलयाना सहकारी समिति के चेयरमैन विजय चौहान को मंडल मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संवाद

बड़ी खबर के कई पहलू, एक साथ amarujala.com पर

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
...भरोसे का प्रतीक! ...the name you can BANK upon!

मण्डल कार्यालय, सहारनपुर, राज टावर (प्रथमतल) शिवाजी नगर, सहारनपुर- 247001

परिसर की आवश्यकता

पंजाब नैशनल बैंक को उपयुक्त तैयार और अच्छी तरह से निर्मित हॉल जैसे भवन की आवश्यकता है, जिसमें ए. टी. एम सहित बैंक शाखा के लिए 1480 वर्ग फुट से 1900 वर्ग फुट तक का कारपेट एरिया उपलब्ध हो। प्रस्तावित परिसर शास्त्री मार्केट, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001 में भूतल में होना चाहिए और यदि पहली मंजिल में हो तो, लिफ्ट की सुविधा सहित। प्रस्तावित परिसर बाजार के अंदर होना चाहिए। प्रस्तावित परिसर में वैधानिक प्राधिकारियों से सभी निकासी प्रमाण पत्र होने चाहिए। वांछित इलाके में ऐसे परिसर के इच्छुक मालिक/पंजीकृत मुख्तारनामा धारक, जो अपने आसानी से उपलब्ध परिसरों को दीर्घावधि पट्टे के आधार पर अधिमानतः 15 वर्ष या उससे अधिक के लिए पट्टे पर देने के लिए तैयार हो, वे बैंक की वेब साइट www.pnbindia.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपने प्रस्ताव भेज सकते हैं या कार्यालय समय के दौरान उपरोक्त पते से प्राप्त कर सकते हैं। पूरा प्रस्ताव विधिवत मुहरबंद और हस्ताक्षरित हो और उपरोक्त पते पर 27/04/2026 को 03:00 PM या उससे पहले अधोहस्ताक्षरी के पास पहुंच जाना चाहिए।

बैंक द्वारा दलाली का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैंक बिना कोई कारण बताए अपने विवेकाधिकार से किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांकः 11.04.2026 मंडल प्रमुख

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

शोक संदेश

स्व. श्रीमती इंदिरा कांबोज जी
(पत्नी चौ. रणधीर सिंह कांबोज)
का स्वर्गवास दिनांक 1 अप्रैल 2026 को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी तेरहवीं दिनांक 13 अप्रैल 2026, दिन सोमवार को होनी निश्चित हुई है।

सोमवार, 13 अप्रैल 2026
ब्रह्म भोज - दोपहर 11 बजे, रस्म पगड़ी - दोपहर 2 बजे
स्थान : स्वर्णतारा (Swarantara), दिल्ली रोड, शामली

शोकाकुल
विशु कांबोज (पुत्र) [Royal Motors Shamli],
कवरवीर सिंह कांबोज, बृजवीर सिंह कांबोज, राजवीर सिंह कांबोज,
राकेश कांबोज, ब्रिजेश कांबोज, परवीन कांबोज,
दिवाकर कांबोज, नीरज कांबोज, समीर कांबोज, प्रशांत कांबोज, ऋषि कांबोज, करमन सिंह कांबोज (पौत्र), एवं समस्त कांबोज परिवार
संपर्क: 9927272766

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
...भरोसे का प्रतीक! ...the name you can BANK upon!

नीलामी सूचना
E-Auction के आधार पर

परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति प्रबंधन, पीएनबी भवन सी 01 वेद व्यास पुरी, दिल्ली बाईपास रोड, मेरठ– 250002, ई–मेलः cs8278@pnb.bank.in

ई-नीलामी विक्रय सूचना सिक्योरिटाइजेशन एवं पुनर्निर्माण वित्तीय आस्तियों तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।

इसके द्वारा सामान्य जनसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/चार्ज की गई है तथा जिसकी निर्मित/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर विक्रय किया जाएगा। यह विक्रय संबंधित उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के बकाया देयकों की वसूली हेतु किया जा रहा है। संबंधित संपत्तियों के लिए आरक्षित मूल्य तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट का विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

क्र0 सं0	शाखा/खाता/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण दृष्टिबंधक/प्रभार/बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधककर्ता)	(ए) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(2) की तिथि (बी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धार 13 (2) के तहत मांग सूचना (सी) दिनांक 31.03.2026 तक शेष राशि (डी) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(4) की तिथि (ई) कब्जे के प्रकार प्रतीकात्मक/भौतिक/सांकेतिक	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी (सी) ईएमडी जमा करने की तिथि एवं समय (डी) बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथि/दिनांक	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
1	**शाखाः एआरएमबी, मेरठ** श्री आलोक अग्रवाल पुत्र राकेश कुमार (ऋणी), पताः- मकान नं. 13/1205, अंसारी रोड, कालूराम मार्केट, मौहल्ला चाहमगु कल्यागण, पुरानी सब्जी मंड़ी सहारनपुर- 247001, श्रीमती प्रीति अग्रवाल पत्नी श्री आलोक अग्रवाल (ऋणी), पताः- मकान नं. 13/1205, अंसारी रोड, कालूराम मार्केट, मौहल्ला चाहमगु कल्यागण, पुरानी सब्जी मंड़ी सहारनपुर - 247001, श्री राकेश कुमार पुत्र रामस्वरूप (ऋणी/बंधककर्ता), पताः- मकान नं. 13/1205, अंसारी रोड, कालूराम मार्केट, मौहल्ला चाहमगु कल्यागण, पुरानी सब्जी मंड़ी सहारनपुर-247001	बंधक आवासीय मकान क्षेत्रफल माप 250 वर्गगज अर्थात् 209.03 वर्गमीटर द्वितीय तल दक्षिण भाग जिसका पुराना म्यूनिसिपल नं. 13/1205/2 और न्यू नं. 13/2236 स्थित मौहल्ला अंसारी रोड, सहारनपुर पंजीकृत सम्पत्ति स्वामी राकेश कुमार वास्तविक विक्रय विलेख बही नं. 1,जिल्द नं. 3868, पेज नं. 365, ए.डी बुक नं. 1, जिल्द नं. 4203, पेज 153 से 160, क्रंमाक नं. 263, दिनांक 25.01.1999 सब रजिस्ट्रार सहारनपुर -247001 पर पंजीकृत है। सीमाएँः- पूर्व- अंसारी रोड, पश्चिम- आपचक तत्पश्चात जगदीश और अन्य के स्वामित्व में सम्पत्ति, उत्तर- आपचक तत्पश्चात योगेश कुमार के स्वामित्व में सम्पत्ति, दक्षिण- आपचक तत्पश्चात कृष्ण लाल और अन्य के स्वामित्व में सम्पत्ति।	(ए) 10.01.2023 (बी) रू0 23,89,538.50 + ब्याज + कानूनी और अन्य खर्चे (सी) रू0 34,85,419.50 + ब्याज + कानूनी और अन्य खर्चे (डी) 17.04.2023 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 37.00 लाख रू0 3,70,000/- 29.04.2026 शाम 04.00 तक रू0 37,000/-	30.04.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं
2	**शाखाः एआरएमबी पीएनबी भवन** श्रीमती पूनम कुमार पत्नी श्री ललित कुमार **(ऋणी)**, लक्ष्मणपुरम कॉलोनी, निकट राकेश केमिकल, देहरादून रोड, सहारनपुर-247001, श्री ललित कुमार पुत्र श्री साधु राम **(सह-ऋणी)**, लक्ष्मणपुरम कॉलोनी, निकट राकेश केमिकल, देहरादून रोड, सहारनपुर-247001, श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री सेवा राम **(गारन्टर)**, 5/2133/33, न्यू गोपाल नगर, निकट सुदामा चौक, सहारनपुर-247001।	बंधक आवासीय मकान प्लॉट नं0 183ए पर निर्मित पूर्वी भाग, माप क्षेत्रफल 100 वर्ग गज अर्थात् 83.61 वर्ग मीटर, खसरा नं0 563, 572, 577, 580, 530 वाके दारा मिलकाना बेरून/ दारा राजुरा बैरून परगना, तहसील एवं जिला-सहारनपुर दर आबादी देव पुरम कॉलोनी, सहारनपुर, सम्पत्ति स्वामी श्री ललित कुमार पुत्र श्री साधु राम, आयाम-पूर्व- 60 फीट, पश्चिम- 60 फीट, उत्तर- 15 फीट, दक्षिण- 15 फीट। सीमाएँः-पूर्वः अन्य का प्लॉट नं0 183, पश्चिमः प्लॉट नं0 183 का भाग, उत्तरः 20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः प्लॉट नं0 182	(क) 14.12.2018 (ख) रू0 **24,63,895.00** ब्याज + कानूनी एवं अन्य खर्चे (ग) रू0 **48,03,205.00** ब्याज + कानूनी एवं अन्य खर्चे (घ) 11.12.2019 (ड.) भौतिक कब्जा	रू0 10.80 लाख रू0 1,08,000/– 29.04.2026 शाम 04.00 तक रू0 11,000/–	30.04.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं

विक्रय सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन होगा तथा इसके अतिरिक्त निम्नलिखित शर्तें भी लागू होंगीः-
1. संपत्तियों का विक्रय ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जाएगा।
2. उपरोक्त अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, तथापि इस घोषणा में किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलत विवरण अथवा चूक के लिए प्राधिंत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।
3. विक्रय, अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी मंच के माध्यम से www.pnbindia.in एवं https://baanknet.in वेबसाइट पर दिनांक 30.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जाएगा।
4. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाता को आरक्षित मूल्य से कम से कम एक बोली अधिक लगाना अनिवार्य होगा।
5. विक्रय की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए कृपया www.pnbindia.in एवं https://baanknet.com वेबसाइट देखें।

हस्ताक्षरित-
श्री नवीन प्रकाश (मोबाइल नंबरः 7060208081)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक

दिनांकः 10.04.2026 स्थान – मेरठ प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार